भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 66

(जिसका उत्तर 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक) को दिया जाने वाला है)

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मुद्रा की कमी

66. श्री भुवनेश्वर कालिताः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश के कई क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मुद्रा की कमी की बात सरकार की जानकारी में आई है;

(ख) यदि हां, तो कारण सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने इस स्थिति में सुधार लाने के लिए त्वरित कार्रवाई की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): भारतीय रिजर्व बैंक को सरकारी क्षेत्र के बैंकों से मुद्रा की कमी को लेकर अभी हाल ही में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। बैंकों की करेंसी तिजोरियों में नए/दुबारा इस्तेमाल करने योग्य नोटों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और पर्याप्त मात्रा में नकदी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

(ख) और (ग): उत्तर (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

******